भारत सरकार

परमाणु ऊर्जा विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या-323

उत्तर दिनांक - 28/11/2024 को दिया गया

ओडीओएस पहल

323. # श्री तेजवीर सिंह

क्या प्रधानमंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) "वन डीएई वन सब्स्क्रिप्शन (ओडीओएस)" पहल के अंतर्गत नागरिकों और शोधकर्ताओं को उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाओं और सूचनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने इस पहल के तहत अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सहयोग और साझेदारी को बढ़ावा देने के लिए कोई विशिष्ट कदम उठाए हैं; और

(ग) इस पहल के माध्यम से देश में परमाणु विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में क्या प्रगति अपेक्षित है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) परमाणु ऊर्जा विभाग (डीएई) नाभिकीय विज्ञान, भौतिकी और संबद्ध विषयों में कार्यरत प्रमुख संस्थान है। वैज्ञानिक और शोधकर्ता प्रगत अनुसंधान क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं और इसलिए, अपने विषयगत क्षेत्रों में कदम से कदम मिलाकर चलना आवश्यक हो जाता है। वैज्ञानिक पत्रिकाएँ सूचना का प्राथमिक स्रोत हैं और सूचना के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वर्तमान ओडीओएस पहल, केवल पठन (रीड) के मॉडल से पठन (रीड) और प्रकाशन मॉडल तक संघ (कसोर्टिया) के लाभों का विस्तार करने का एक प्रयास है। पहले के मौजूदा संघ मुख्य रूप से सहयोगी डीएई इकाइयों के बीच ऑनलाइन विषय सामग्री सुलभ कराने के उद्देश्य से प्रेरित हैं। यह वैज्ञानिकों और शोधकर्ताओं को अपने क्षेत्र में और अपने साथियों के साथ-साथ चलने में सक्षम बनाता है। जबकि, वर्तमान ओडीओएस पहल प्रतिष्ठित प्रकाशकों की प्रमुख पत्रिकाओं में ओपन एक्सेस (ओए) प्रकाशन को बढ़ावा देने की दिशा में अगला तार्किक कदम है। सामान्य तौर पर ओए लेखों को, इस प्लेटफार्म से दूर लेखों की तुलना में अधिक दृश्यता मिलती है। ओडीएस पहल के तहत डीएई ने वर्ष 2024 के दौरान दो प्रमुख प्रकाशकों अर्थात् मेसर्स जॉन विली एंड संस, अन्य और मेसर्स स्प्रिंगर नेचर ग्रुप के साथ परिवर्तनकारी समझौता (टीए) में प्रवेश किया है। इस समझौते के मुख्यतः दो भाग हैं (ए) पठन और (बी) सभी 60 डीएई इकाइयों में वैज्ञानिक एवं शोधकर्ताओं के लाभ के लिए सहमत लेखों की संख्या को ओए लेखों के रूप में प्रकाशन। पठन भाग, वैज्ञानिकों को सभी डीएई इकाइयों में सामग्री तक पहुंच की

अनुमति देने का ध्यान रखता है। जबकि प्रकाशन खंड के अंतर्गत, डीएई वैज्ञानिक और शोधकर्ता अब कुछ प्रमुख हाइब्रिड और कुछ ओए पत्रिकाओं में ओए के रूप में अपने लेखों का योगदान करने की बेहतर स्थिति में हैं। समझौता लेख प्रक्रिया प्रभार (एपीसी) का ध्यान रखता है, जो एक बड़ा लाभ है।

(ख) डीएई ने ओडीओएस एक डीएई एक अंशदान (वन डीएई वन सब्सक्रिप्शन) के लिए दो अंतरराष्ट्रीय प्रमुख प्रकाशकों - मेसर्स जॉन विली एंड संस, अन्य और मेसर्स स्प्रिंगर नेचर ग्रुप के साथ वर्ष 2024 में एक समझौता किया है। वर्तमान संघ परिवर्तनकारी समझौते (टीए) के तहत पठन (रीड) और प्रकाशन (पब्लिश) मॉडल दोनों का ध्यान रखता है, जबकि पहले के संघ पठन (रीड) भाग के बारे में अधिक चिंतित थे। दूसरे शब्दों में, डीएई इकाइयों में विभिन्न उपयोगकर्ताओं को पूर्ण पाठ्य सामग्री तक पहुँच प्रदान करना।

(ग) ओडीओएस पहल न केवल आने वाले वर्षों में अनुसंधान गतिविधियों के प्रसार को बढ़ावा देगी बल्कि हमारे शोधकर्ताओं और वैज्ञानिकों को प्रमुख प्रकाशनों में अधिक संख्या में लेखों के योगदान में सहायक होगी क्योंकि इससे वे अपने लेख निःशुल्क प्रकाशित कर सकेंगे। संभावित लाभ सूचना का मुक्त प्रवाह है। इस तरह के प्रयासों से सभी सहभागियों तक उनकी विषय सामग्री की दृश्यता और पहुँच में वृद्धि होगी।

*****